

नवभारत
इंदौर, रविवार, 1 मार्च, 2026


# रोशनी में झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक सील

**स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की कार्रवाई**



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** खालवा विकासखंड के ग्राम रोशनी में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को बंद करवा दिया।

कार्रवाई खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र कटारिया के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर अपंजीकृत चिकित्सक तापस मलिक की दुकान पर ताला जड़ दिया। कार्रवाई में केवल एक क्लीनिक को सिल किया गया जबकि रोशनी सहित पंधाना, छैगांवमाखन, पुनासा, मूंदी और खालवा के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर मौत का खुला खेल जारी है। सफेद एप्रन पहनकर और गले में स्टेथोस्कोप डालकर खुद को डॉक्टर बताने वाले ये झोलाछाप गरीबों की रगों में बिना किसी डिग्री के दवाइयों का जहर उतार रहे हैं।

**गली-गली फैले बंगाली डॉक्टर और मौत का व्यापार :** जिले के दूरस्थ क्षेत्रों, विशेषकर खालवा और पुनासा और पंधाना, छैगांवमाखन के आदिवासी बेल्ट में बंगाली डॉक्टरों का जाल मकड़ी की तरह फैल चुका है। विडंबना देखिए कि जिन्हें मेडिकल साइंस की बुनियादी समझ तक नहीं है, वे गंभीर बीमारियों का इलाज करने का दावा कर रहे हैं। इनके पास न तो कोई वैध डिग्री है और न ही क्लीनिक संचालन का पंजीयन। ग्रामीणों को झांसे में लेने के लिए ये तत्काल राहत देने वाली स्टेरॉयड और हैवी एंटीबायोटिक की मौत की पुड़िया थमा देते हैं, जो भविष्य में किडनी और लीवर फेलियर का मुख्य कारण बन रही हैं।

**सिस्टम की विफलता या मौन सहमति? :**
क्या यह संभव है कि ब्लॉक स्तर पर बैठे अधिकारियों को अपने क्षेत्र में फल-फूल रहे इन अवैध क्लीनिकों की जानकारी न हो? छैगांवमाखन और पुनासा जैसे क्षेत्रों में झोलाछापों की बढ़ती तादाद विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है। स्वास्थ्य विभाग को केवल नोटिस जारी करने की औपचारिकता छोड़कर इन पर एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने जैसी सख्त कार्रवाई करनी होगी। यदि समय रहते इन पर लगाम नहीं कसी गई, तो जिला झोलाछाप डॉक्टरों की प्रयोगशाला बनकर रह जाएगा।

**हादसे के बाद ही क्यों जागता है प्रशासन? :** रोशनी ग्राम में शनिवार को हुई कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन सवाल वाजिब है— प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार क्यों करता है? इतिहास गवाह है कि जब भी किसी झोलाछाप के गलत इंजेक्शन या सिरप के हैवी डोस से किसी मासूम की जान जाती है, तब स्वास्थ्य विभाग की कुंभकर्णी नींद खुलती है।

बता दें कि, जिले में पूर्व में भी पंधाना क्षेत्र में चार झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिक सील किए गए थे। तब प्रशासन ने मरीजों की मौत होने पर एक्शन लिया था। हवाला दिया कि झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा शासन से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। बावजूद सील किए गए उक्त क्लिनिक वापस से चालू हो गए हैं।

**इनका कहना है...**
क्षेत्र में किसी भी अपंजीकृत चिकित्सक को मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।'
**- डॉ. शैलेन्द्र कटारिया, बीएमओ, खालवा**

दो-चार दिन छापेमारी का दिखावा होता है, कुछ क्लीनिक सील होते हैं, और फिर सांठगांठ का खेल शुरू हो जाता है। पंधाना और मूंदी जैसे व्यापारिक केंद्रों में तो ये फर्जी डॉक्टर खुलेआम अपनी दुकानें सजाकर बैठे हैं, मानो उन्हें कानून का कोई खौफ ही न हो

# एनएचडीसी ने किया खंडवा में शेवरॉन पिनिंग समारोह

**नवभारत न्यूज**



**खंडवा।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एनएचडीसी खंडवा इकाई में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पात्र कॉन्स्टेबलों को औपचारिक रूप से सीनियर कॉन्स्टेब की रैंक प्रदान करते हुए नव-प्रवर्तित शेवरॉन इंसिग्निया प्रदान किया गया।

यह समारोह केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस इंसिग्निया की शुरुआत लंबे समय से सेवा दे रहे कॉन्स्टेबलों को उचित सम्मान एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

समारोह के दौरान यूनिट कमांडर सहायक कमांडेंट संजीव कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित किया। उन्होंने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीनियर कॉन्स्टेबल इंसिग्निया अनुभव, अनुशासन, समर्पण तथा बल के प्रति दीर्घकालीन उत्कृष्ट सेवा का प्रतीक है। समारोह का आयोजन केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की परंपराओं एवं गौरवशाली मूल्यों के अनुरूप अत्यंत गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। यह पिनिंग समारोह केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एनएचडीसी खंडवा इकाई के बल सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण मनोबल-वर्धक अवसर सिद्ध हुआ।

# जैन मंदिर में मूलनायक भगवान का गर्भगृह प्रवेश

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** इंदौर रोड स्थित तुलसी हाईटेक सिटी कॉलोनी में नव-निर्मित शिखरबद्ध श्री संभवनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर भगवान संभवनाथ के मूल गर्भगृह प्रवेश का पावन समारोह शनिवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सकल जैन समाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

यह धार्मिक आयोजन आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वरजी म.सा. के मार्गदर्शन तथा आचार्य आनंदसागर सूरिश्वरजी म.सा. समुदाय की साध्वी भगवंतों की पावन निश्रा में सम्पन्न हुआ। महोत्सव संचालन राजस्थान के मनोज कुमार हरण (सिरोही) द्वारा किया गया, जो भारत सहित विश्व के लगभग 1300 मंदिरों में प्रतिमा स्थापना करा चुके हैं।

श्वेतांबर जैन समाज के प्रचार मंत्री चंद्रकुमार सांड ने बताया कि सुबह 8:30 बजे घासपुरा स्थित नमीनाथ मंदिर से भगवान की प्रतिमा भव्य शोभायात्रा के साथ तुलसी हाईटेक सिटी स्थित मंदिर लाई गई। इसके पश्चात स्नात्र पूजा, पाटला पूजन एवं नवग्रहादिक पाठ सम्पन्न हुए। दोपहर 12:30 बजे शुभ मुहूर्त में गर्भगृह प्रवेश विधि संपन्न हुई तथा साधर्मिक वात्सल्य का आयोजन किया गया। सफेद संगमरमर से निर्मित प्रतिमा राजस्थान के जयपुर में तैयार हुई, जिसे बनाने में लगभग एक वर्ष का समय लगा। मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी, समाजजन एवं महिला श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# एचपीवी टीकाकरण से सुरक्षित होगा किशोरियों का भविष्य : देशमुख

**नवभारत न्यूज**



**खंडवा।** सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय के बी-ब्लॉक में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किशोरियों को टीके लगवाए। उन्होंने उपस्थित बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध एक मजबूत सुरक्षा कवच है, जो उन्हें उम्र भर इस बीमारी से बचाएगा। टीकाकरण के तत्काल बाद सभी लाभार्थी बालिकाओं को आधिकारिक प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि टीकाकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए यूविन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में यह अभियान विशेष रूप से 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के लिए केंद्रित है, जिसके तहत जिले की लगभग 16,000 किशोरियों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस वृहद कार्य के लिए जिले भर में कुल 7 प्रमुख टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला चिकित्सालय खंडवा के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंधाना, छैगांवमाखन, मूंदी, खालवा, हरसूद और किल्लौद में यह सेवा उपलब्ध रहेगी। शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक ये टीके लगाए जाएंगे। अभियान के शुभारंभ अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ. रंजीत बड़ोले सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर में

### गौकाष्ट और कंडों से करें होलिका दहन...

**खंडवा।** रंगों और सामाजिक समरसता के पर्व होली को इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाने की अपील की जा रही है। समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने नागरिकों से आह्वान किया है कि होलिका दहन में लकड़ियों के स्थान पर गौकाष्ट एवं गोबर के कंडों का उपयोग कर प्रकृति और गोवंश संरक्षण में योगदान दें।

उन्होंने बताया कि अंधाधुंध वनों की कटाई से पर्यावरण संतुलन प्रभावित हो रहा है। होली पर बड़ी मात्रा में लकड़ी जलाने से पेड़ों की कटाई बढ़ती है, जिससे वन और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। ऐसे में गौकाष्ट और कंडों से होलिका दहन पर्यावरण अनुकूल और पारंपरिक विकल्प है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि 'इस बार होली गौकाष्ट वाली हो — गौकाष्ट से होगा होलिका दहन, बचेंगे गोवंश, पेड़ और वन।' उन्होंने कहा कि गोबर से बने गौकाष्ट प्राकृतिक, सुरक्षित और प्रदूषण रहित होते हैं तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। शासन द्वारा पर्यावरण अनुकूल होलिका दहन करने वाली समितियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल सहित जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक विजय शाह, कंचन मुकेश तनवे, नारायण पटेल एवं छाया मोरै ने भी नागरिकों से पर्यावरण हितैषी होली मनाने का आग्रह किया।

### होली के त्योहार पर बच्चों की सुरक्षा और बोर्ड परीक्षार्थियों के भविष्य का रखें ध्यान

**खंडवा।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर, जब जिले में बोर्ड परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं, न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा ने नागरिकों से संयम, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा (प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट समकक्ष) ने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और आनंद का प्रतीक है, लेकिन किसी भी बच्चे की सुरक्षा या परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों की एकाग्रता प्रभावित न हो, इसका ध्यान रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। तेज ध्वनि, डीजे और अनियंत्रित उत्सव से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को रासायनिक रंगों, ज्वलनशील पदार्थों और असुरक्षित स्थानों से दूर रखें तथा छोटे बच्चों की निगरानी अवश्य करें। समाजसेवी सुनील जैन एवं समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा व समिति सदस्यों ने समिति ने बच्चों से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की असुरक्षा, दबाव, छेड़छाड़ या परेशानी का सामना करना पड़े तो बिना झिझक चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क करें।

# सिद्धवरकूट में होली पर वार्षिक मेला 4 को

**नवभारत न्यूज**



**खंडवा।** मां नर्मदा रेवा तट पर स्थित जैन तीर्थ सिद्धक्षेत्र सिद्धवरकूट में होली के पावन अवसर पर 4 मार्च को एक दिवसीय वार्षिक मेला महोत्सव आयोजित किया जाएगा। दो चक्री दस कामकुमार मुनिराजों सहित साढ़े तीन करोड़ मुनिराजों की निर्वाण भूमि माने जाने वाले इस सिद्ध क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन होंगे।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शुरुआत प्रातः मंगल गीत व नित्य पूजन से होगी। इसके बाद मूलनायक संभवनाथ भगवान का अभिषेक-शांतिधारा, मंडल विधान पूजा तथा रथयात्रा एवं परिक्रमा स्थल का भूमि पूजन किया जाएगा। सुबह 11:30 बजे भगवान बाहुबली का स्वर्ण एवं रजत कलशों से भव्य महामस्तकाभिषेक संपन्न होगा तथा सभी मंदिरों के शिखरों पर केसरिया ध्वजा फहराई जाएगी।

विश्व शांति की भावना से मंडल विधान पूजा, आरती, सामायिक पाठ एवं बड़वाह की कमल जैन संगीत पार्टी द्वारा भजन संध्या आयोजित होगी। आयोजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए वात्सल्य भोज रखा गया है। तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष अमित कासलीवाल सहित ट्रस्टियों एवं समिति सदस्यों ने निमाड़-मालवा क्षेत्र के श्रद्धालुओं से मेले में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# यातायात पुलिस ने सिखाए जीवन रक्षा के गुर

**नवभारत न्यूज**



**खण्डवा।** समाज सेवा और सामुदायिक नेतृत्व की दिशा में कदम बढ़ा रहे जन अभियान परिषद के विद्यार्थियों ने शनिवार को यातायात प्रबंधन की बारीकियों को जमीन पर समझा। 'मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम' के तहत लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने स्थानीय यातायात थाने का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान भविष्य के इन समाजसेवियों ने न केवल ट्रैफिक नियमों को जाना, बल्कि सड़क पर अनमोल जिंदगियां बचाने की तकनीक भी सीखी।

भ्रमण के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल राय ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए स्पष्ट किया कि पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर स्पीडिंग और नाबालिगों द्वारा ड्राइविंग के घातक परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, सूबेदार धर्मेंद्र गौड़ ने ब्रीद एनालाइजर और ई-चालान जैसी आधुनिक मशीनों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर पुलिस की पारदर्शी कार्यप्रणाली से छात्रों को रूबरू कराया।

सरकारी योजनाओं की मिली विस्तृत जानकारी कार्यशाला में आरक्षक पवन कुमार मोहे ने दुर्घटना पीड़ितों के लिए शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को राहवीर योजना के तहत मददगारों को मिलने वाली कानूनी सुरक्षा, कैशलेस उपचार और हिट एंड रन मामलों में मिलने वाली आर्थिक सहायता के बारे में बताया गया।

# जस्टिस रोहतांग मुखोपाध्याय ने दादाजी धाम व किशोर कुमार स्मारक में किए दर्शन

**खंडवा।** महान गायक किशोर कुमार की जन्मस्थली खंडवा आज भी देश-विदेश के प्रशंसकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इसी कड़ी में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रोहतांग मुखोपाध्याय शनिवार को परिवार सहित खंडवा पहुंचे। जिला प्रशासन द्वारा उनका राजकीय अतिथि के रूप में स्वागत किया गया।

किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जस्टिस मुखोपाध्याय अपनी धर्मपत्नी, पुत्र एवं पुत्रवधू के साथ सबसे पहले किशोर कुमार के पैतृक निवास पहुंचे, जहां उन्होंने जर्जर मकान का अवलोकन किया तथा चौकीदार सीताराम से चर्चा भी की। इसके बाद उन्होंने शहर की प्रसिद्ध लाला जलेबी दुकान पर पहुंचकर पारंपरिक जलेबी का स्वाद लिया। इसके पश्चात वे मिनी किशोर के नाम से प्रसिद्ध कलाकार राजा शर्मा की दुकान पहुंचे, जहां परिवार सहित 'मैं हूं झूम झूम झुमरू' गीत की प्रस्तुति का आनंद लिया। बाद में न्यायमूर्ति मुखोपाध्याय किशोर कुमार की समाधि एवं स्मारक स्थल पहुंचे, जहां दूध-जलेबी का भोग लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की। दौरे के दौरान उन्होंने दादाजी धाम पहुंचकर दादाजी महाराज के दर्शन किए तथा धूनीमाई में आहुति अर्पित की। खंडवा आगमन पर किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के अध्यक्ष रणवीर सिंह चावला, अनिल बाहेती एवं अतुल अत्रिवाल सहित सदस्यों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।



# डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के छात्रों ने जीता स्वर्ण पदक

**खंडवा।** के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर शहर और निमाड़ क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों ने का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव रवि चतुर्वेदी ने बताया कि बनेंगे भारत के स्किल चैंपियन थीम पर आधारित चार दिवसीय इंडिया स्किल रीजनल प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 18 फरवरी 2026 तक में किया गया। प्रतियोगिता में देशभर से 330 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें आईसेक्ट समूह के 11 प्रतिभागी शामिल थे। कृषि विज्ञान संकाय के छात्र गोल्डी फूलमाली एवं शुभम मसानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक, प्रमाण पत्र और 75 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की। वहीं विज्ञान संकाय के छात्र अनोष रावजी ने उत्कृष्टता पदक हासिल किया। कुलपति डॉ. अरुण आर. जोशी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि आईसेक्ट वर्ल्ड स्किल टास्कफोर्स मॉड्यूल के माध्यम से छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कौशल प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रो. दीपक कौशल ने समन्वयक एवं मार्गदर्शक की भूमिका निभाई।

# जावर-सिहाड़ा पाइपलाइन बार-बार फूटने से किसानों की फसलें बर्बाद

**आंदोलन की चेतावनी**

**नवभारत न्यूज**





**खंडवा।** जावर-सिहाड़ा उद्वहन सिंचाई योजना किसानों के लिए वरदान के बजाय अभिशाप साबित हो रही है। योजना को आनन-फानन में चालू करने के फेर में एनवीडीए अधिकारियों की लापरवाही अब अन्नदाताओं पर भारी पड़ रही है।

ग्राम रोहिणी के किसानों के खेतों में पाइपलाइन फूटने और अनावश्यक पानी छोड़े जाने से चने की खड़ी फसल पूरी तरह जलमग्न होकर बर्बाद हो गई है।

**अधिकारी कर रहे अनसुनी, 20 दिनों से बह रहा पानी :** ग्रामीणों का आरोप है कि परियोजना के संचालन में केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। पाइपलाइन बार-बार फूट रही है, जिससे खेतों में सैलाब जैसे हालात बन गए हैं। ग्राम रोहिणी के किसान हरेसिंह, शिवपाल और राधेश्याम चौहान के खेतों में पिछले 18-20 दिनों से लगातार पानी बह रहा है। किसानों ने चार दिन पहले ही विभाग को सचेत किया था कि यदि पानी नहीं रोका गया तो चने की फसल बर्बाद हो जाएगी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। परिणाम स्वरूप, तीनों किसानों की करीब डेढ़-डेढ़ एकड़ फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है।

**सर्वे हुआ पर नहीं मिला मुआवजा:** पीड़ित किसानों ने 20 दिन पूर्व जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन देकर गुहार लगाई थी। इसके बाद एनवीडीए के अधिकारी 15 दिन पहले मौका मुआयना करने भी पहुंचे और फसल बर्बादी की बात स्वीकार की, लेकिन अब तक मुआवजे के नाम पर एक रुपया भी किसानों के खाते में नहीं पहुंचा है। प्रशासन की इस 'कछुआ चाल' और संवेदनहीनता ने किसानों के सब्र का बांध तोड़ दिया है।

**किसानों ने दी चेतावनी, मंगलवार से करेंगे अनिश्चितकालीन आंदोलन :**

प्रभावित किसानों ने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग को चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक उनकी समस्याओं का निराकरण और मुआवजे की घोषणा नहीं की गई, तो मंगलवार से वे कलेक्टर कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठेंगे। किसानों ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति की पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन और एनवीडीए विभाग की होगी।

**रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर ( सेण्ट्रल ) रूल्स 1956 के अंतर्गत 'नवभारत' पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी**

**घोषणा**

**( फार्म-4 )**

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : | 6/54, फिरोज गांधी प्रेस परिसर इंदौर |
| 2. प्रकाशन रूप | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक | : | आशुतोष उपाध्याय |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 6/54, फिरोज गांधी प्रेस परिसर इंदौर |
| 4. प्रकाशक | : | आशुतोष उपाध्याय |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 6/54, फिरोज गांधी प्रेस परिसर इंदौर |
| 5. संपादक | : | क्रांति चतुर्वेदी |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 6/54, फिरोज गांधी प्रेस परिसर इंदौर |
| 6. पत्र का स्वामित्व भागीदार | : | रामगोपाल इन्वेस्टमेंट्स प्रा.लि. |
| भागीदार अथवा 1 प्र.श. | : | |
| अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार | : | ब्रज माहेश्वरी |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 'नवभारत' निलयम, ई-3/22, अरेरा कालोनी, भोपाल- 462 016 |

मैं आशुतोष उपाध्याय घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है.

**आशुतोष उपाध्याय**
**प्रकाशक**

**दिनांक 1 मार्च 2026**